प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या.60./2025)

तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

वेबसाइट www.trai.gov.in

**क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, 24 जुलाई 2025**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने हिसार शहर (हरियाणा) में मोबाइल सेवा प्रदाताओं की नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया और अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए ।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जून 2025 माह के दौरान हिसार शहर, हरियाणा में स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) आयोजित किया है। ये ड्राइव टेस्ट विभिन्न वातावरणों अर्थात- शहरी क्षेत्रों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों, हब आदि में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को आंकने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

2. भादूविप्रा ने अपनी एजेंसी के माध्यम से 11 जून से 13 जून 2025 के बीच 243.4 किलोमीटर सिटी टेस्ट और 1.1 किलोमीटर वॉक टेस्ट को शामिल करते हुए विस्तृत ड्राइव टेस्ट आयोजित किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर की देखरेख में किए गए।

3. ड्राइव टेस्ट के दौरान, सभी दूरसंचार ऑपरेटरों के सिम कार्ड के साथ मोबाइल उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग करके 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर लाइव डेटा और वॉयस सैशन टेस्ट किए गए। अत्याधुनिक ड्राइव टेस्ट सिस्टम का उपयोग करके रीयल वर्ल्ड के आधार पर वॉयस कॉल और डेटा सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया गया। ड्राइव टेस्ट के दौरान एकत्रित डेटा का विश्लेषण विशेषज्ञों द्वारा विशेष उपकरणों का उपयोग करके किया गया और इस विश्लेषण के आधार पर अंतिम रिपोर्ट तैयार की गई।

4. आईडीटी के दौरान, इस क्षेत्र में कार्यरत सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के मोबाइल सेवा नेटवर्क के लिए वॉयस और डेटा सेवाओं के लिए निम्नलिखित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया:

**I. वॉयस (Voice) सेवाएं:**

क) कॉल सैटअप सक्सेज रेट (सीएसएसआर) ड्रॉप रेट
ख ) कॉल सैटअप टाइम
ग) ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर)
घ) वॉयस गुणवत्ता (मीन ओपिनियन स्कोर)
अं) डाऊनलिंक एंड अपलिंक पैकेट(वोईस)
च) कॉल साईलेंस रेट
छ) कवरेज (%)- सिगनल स्ट्रेंथ

**II. डेटा (Data) सेवाएँ:**

क) डेटा थ्रूपुट (डाउनलिंक और अपलिंक दोनो)
ख) पैकेट ड्रॉप रेट (डाउनलिंक और अपलिंक)
ग) वीडियो स्ट्रीमिंग डिले
डी) लेटेंसी
ई) जिटर

5.	हिसार में किए गए टेस्ट परिणामों के संबंध में ड्राइव टेस्ट का विवरण और उनके प्रदर्शन का सारांश अनुलग्नक-क में दिया जा रहा है। रिपोर्ट दूरसंचार सेवा प्रदाता की संबंधित इकाइयों के साथ साझा की गई हैं ताकि आगे आवश्यक कार्रवाई, यदि कोई हो, की जा सके।

6.	विस्तृत रिपोर्टें ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध हैं। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए adv.jaipur@trai.gov.in पर ईमेल भेज सकते हैं या जयपुर स्थित ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय से टेलीफोन नंबर +91-141-2701919 पर संपर्क कर सकते हैं।


(अतुल कुमार चौधरी)


**सचिव, भादूविप्रा**

**अनुलग्नक -ए**

| क्रम सं | शहर / तय मार्ग | लाईसेंस सेवा क्षेत्र | ड्राइव टेस्ट की अवधि | तय की गई दूरी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिसार | हरियाणा | 11 जून से 13 जून 2025 | शहर :243.4 किमी<br>वाक टेस्ट: 1.1 किमी |

## सेवा गुणवत्ता के प्रमुख मानदंडों पर निष्पादन




### आवाज सेवाओं का सारांश

**काल सैटअप सक्सेज रेट:** आटो सेलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल, आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 99.61%, 88.30%, 100.00% और 98.42% है।

**काल सैटअप टाइम:** आटो सेलेक्शन मोड(5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल, आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप टाईम में क्रमशः1.25,2.73,0.67 और 2.49 सेकंड है।

**ड्रौप काल रेट:** आटो सेलेक्शन मोड(5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.39%, 2.90%, 0.00% और 0.00% है।

**काल साईलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (5जी/4जी) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल.और वी.आई.एल. के पास क्रमशः साइलेंस कॉल रेट 2.21%, 11.39%, 0.74% और 0.49% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर:** मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.): एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल.और वी.आई.एल.का औसत एम.ओ.एस. क्रमशः 3.92,1.92,3.83 और 3.92 है।

### डाटा सेवाओं का सारांश

**डाटा डाऊनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5जी/4जी) की औसत डाउनलोड स्पीड 192.18 Mbps है, बीएसएनएल (4जी/3जी/2जी) की 2.72 Mbps है, आरजेआईएल (5जी/4जी) की 225.33 Mbps है और वीआईएल (4जी/2जी) की 19.76 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5जी/4जी) की औसत अपलोड स्पीड 29.04 Mbps है, बीएसएनएल (4जी/3जी) की 2.95 Mbps है, आरजेआईएल (5जी/4जी) की 19.86 Mbps है और वीआईएल (4जी/2जी) की 14.14 Mbps है।

**डाटा निष्पादन – हौटस्पॉट ( Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4जी डी/एलः 14.43 | 4जी यू/एलः 10.39 |
| | 5जी डी/एलः 212.68 | 5जी यू/एलः 51.22 |
| बीएसएनएल- | 4जी डी/एलः5.36 | 4जी यू/एलः 12.19 |
| आरजेआईएल- | 4जी डी/एलः 35.91 | 4जी यू/एलः 7.26 |
| | 5जी डी/एलः 165.70 | 5जी यू/एलः 21.92 |
| वीआईएल- | 4जी डी/एलः 20.15 | 4जी यू/एलः 16.79 |

***नोट-*** *" डी/एलः" डाउनलोड गति, " यू/एलः" अपलोड गति*

सीएसएसआर: काल सैटअप सक्सेज रेट (% में), सीएसटी: काल सैटअप टाइम (सेकेंड में), डीसीआर: ड्रौप काल रेट